दिनांकः 25.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25वें करगिल दिवस के अवसर पर कल करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। श्री मोदी सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी शिनकुन ला सुरंग परियोजना का वर्चुअल रूप से पहला विस्फोट भी करेंगे। यह चार किलोमीटर से अधिक लम्बी ट्विन ट्यूब सुरंग, लेह को सभी परिस्थितियों में देश के अन्य हिस्सों से जोडेगी। लगभग 15 हजार आठ सौ फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। इस सुरंग से न केवल सशस्त्रं बलों और उपकरणों की तेज और कुशल आवाजाही होगी बल्कि इससे लद्दाख को आर्थिक और सामाजिक रूप से बढावा मिलेगा।

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सेना की 29 अग्निवीर वायु महिलाएं महिला ड्रिल टीम बनाती हुई कल इंडिया गेट परिसर में प्रदर्शन करेगी। वायु सेना ने नागरिकों को प्रदर्शन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। इधर, राज्य में भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। अजमेर में कारगिल दिवस की पूर्व संध्या पर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मशाल जुलूस निकला जाएगा। इस अवसर पर 24 घंटे के लिए अखंड दीपक भी प्रज्ज्वलित किये जाएंगे। सरहदी जिले जैसलमेर में भी आज मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ पूनम स्टेडियम पहुंचेगा, जहां कारगिल वीरों की याद में कार्यक्रम आयोजित होगा।

कृषि विभाग के दल ने डीग जिले में खाद और बीज विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण कर उर्वरक और कीटनाशकों के नमूने लिए। खरीफ सीजन के दौरान उर्वरक और कीटनाशकों की मांग बढने और नकली उत्पादों की आपूर्ति की आशंका के बाद विभाग ने ये कार्रवाई की। विभाग ने विक्रेताओं को नकली माल की आपूर्ति नहीं करने की हिदायत दी और किसानों को किसी भी प्रकार की स्कीमों के लालच में नहीं पड़ने की सलाह दी है।

राज्य में कई स्थानों पर मॉनसून की अच्छी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में अनेक स्थानों पर मॉनसून की गतिविधियां बनी रहीं। वहीं पश्चिमी भागों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 20 सेंटीमीटर बारिश दौसा में रिकॉर्ड की गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस सीजन की ये अब तक की सबसे तेज बारिश रही। बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करौली में 13 सेंटीमीटर, सवाईमाधोपुर के बौंली में 9, सरदार शहर में 7 और बीकानेर में 5 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। विभाग ने आज भी पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों और पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है।

कोटा जिले में रामगंजमंडी के देवली गांव में बारिश के दौरान बिजली का तार टूटकर मकान पर गिरने से मां और उसकी बेटी की करंट लगने से मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की।

रेलवे द्वारा अजमेर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित टिकट के भुगतान की क्यूआर कोड सुविधा शुरू की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने बताया कि

स्टेशन के सभी बुकिंग काउंटरों पर क्यू आर कोड लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे यात्रियों को डिजिटल लेन देन की सुविधा मिल सकेगी और टिकट खरीदने की प्रक्रिया आसान और कुशल हो सकेगी।

भाद्रपद महीने में लगने वाले रामदेवरा मेले की तैयारियां को लेकर जैसलमेर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से सभी तैयारियां समय पर पूरी करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।